SarkariExam.Com

अपडेट सबसे पहले

अब घंटो पढ़ने की जरूरत नहीं, मात्र कुछ मिनटों मे ही लीजिये Current Affairs की जानकारी – और रहिए अपडेट ॥ अब से हर रोज RRB Railway ASM/ NTPC – 2, RPF Exam के लिए के Current Affairs के महत्वपूर्ण प्रश्नों की अपडेट हम आपको देंगे, जो करेंगे मदद आपके सभी Exams मे और आपका सरकारी नौकरी पाने का सपना होगा सच ॥

Special 20 Questions for Current Affairs 19/08/2019

Q1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हाल ही में किस देश की दो दिवसीय यात्रा पर गए है जहां उन्होंने कई समझौते पर हस्ताक्षर किये है?

क. जापान

ख. चीन

ग. नेपाल

घ. भूटान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हाल ही में भूटान की दो दिवसीय यात्रा पर गए है. इस यात्रा के दौरान उन्होंने भूटान के प्रधानमंत्री डॉ. लोते शेरिंग से मुलाक़ात की और दोनों

SarkariExam.Com

देशो के बीच मल्टी स्पेशलिएटी हॉस्पिटल, स्पेस सैटेलाइट, हाइड्रो पॉवर प्रोजेक्ट, नॉलेज नेटवर्क, रूपे कार्ड के इस्तेमाल और 9 समझौते पर हस्ताक्षर हुए है.

Q2. निम्न में से किस ई-कॉमर्स कंपनी ने हाल ही में वीडियो स्ट्रीमिंग सर्विस लांच की है?

क. स्नेपडील

ख. फ्लिप्कार्ट

ग. पेटीएम

घ. शॉपक्लुएस

ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिप्कार्ट ने हाल ही में वीडियो स्ट्रीमिंग सर्विस लांच की है. लेकिन अभी सिर्फ एंड्रॉयड यूजर्स के लिए वीडियो स्ट्रीमिंग सर्विस लांच की गयी है. फ्लिप्कार्ट इस वीडियो स्ट्रीमिंग सर्विस के माध्यम से भारतीय बाजार में उपलब्ध अमेजन की प्राइम सब्सक्रिप्शन सर्विस को चुनौती देगी.

Q3. भारत सरकार और ट्राइफेड के द्वारा ____ के पोलो ग्राउंड में 9 दिवसीय आदि महोत्सव का आयोजन किया गया है?

क. मुंबई

ख. लेह-लद्दाख

ग. चेरापूँजी

घ. जयपुर

SarkariExam.com

भारत सरकार और भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ (ट्राइफेड) के द्वारा लेह-लद्दाख के पोलो ग्राउंड में 9 दिवसीय आदि महोत्सव का आयोजन किया गया है. यह आदि महोत्सव 17 अगस्त से 25 अगस्त तक चलेगा और केन्द्र सरकार इस महोत्सव के द्वारा लद्दाख के हैंडीक्रॉफ्ट और अन्य स्थानीय उत्पादों को व्यापारिक प्लेटफ़ॉर्म उपलब्ध कराएगी.

Q4. पद्मश्री से सम्मानित समाजसेवी दामोदर गणेश बापट का हाल ही में कितने वर्ष की आयु में निधन हो गया है?

क. 81 वर्ष

ख. 87 वर्ष

ग. 93 वर्ष

घ. 95 वर्ष

पद्मश्री से सम्मानित समाजसेवी दामोदर गणेश बापट का हाल ही में 87 वर्ष की आयु में निधन हो गया है. वे लम्बे समय से बीमार थे उन्हें पुरे जीवन कुष्ठ रोगियों के लिए कार्य करने के लिए वर्ष 2018 में पद्मश्री सम्मान से सम्मानित किया गया था.

SarkariExam.Com

Q5. दिल्ली के सरकारी स्कूलों में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने किस वर्ष से देशभक्ति' का नया पाठ्यक्रम शुरू करने की घोषणा की है?

क. 2019

ख. 2020

ग. 2021

घ. 2024

दिल्ली के सरकारी स्कूलों में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने वर्ष 2020 से देशभक्ति' का नया पाठ्यक्रम शुरू करने की घोषणा की है. जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों के मन में देश प्रेम पैदा है. साथ ही सभी सरकारी स्कूलों में अभियान चलाने की घोषणा की है जिसमे छठी से लेकर नौवीं कक्षा और 11 वीं कक्षा के छात्र-छात्रा हिस्सा लेंगे.

Q6. 19 अगस्त को विश्वभर में कौन सा दिवस मनाया जाता है?

क. विश्व फोटोग्राफी दिवस

ख. विश्व विडियोग्राफी दिवस

ग. विश्व विज्ञानं दिवस

घ. विश्व महिला सुरक्षा दिवस

19 अगस्त को विश्वभर में विश्व फोटोग्राफी दिवस मनाया जाता है. फोटोग्राफी का आविष्कार इस दुनिया में लोगो को एक-दूसरे के करीब लाने और उन्हें देश की संस्कृति को समझने साथ ही इतिहास को समृद्ध बनाने के उद्देश्य से किया गया.

SarkariExam.Com

Q7. हाल ही में किसने लोगो को समर्थ बनाने के लिए 16 राज्यों के साथ एक एमओयू साइन करके “समर्थ योजना” की शुरुआत की है?

क. सुप्रीमकोर्ट

ख. दिल्ली हाईकोर्ट

ग. निति आयोग

घ. केंद्र सरकार

केंद्र सरकार ने हाल ही में लोगो को समर्थ बनाने के लिए 16 राज्यों के साथ एक एमओयू साइन करके समर्थ योजना की शुरुआत की है. जिसके माध्यम से देश के 18 राज्यों के करीब 4 लाख लोगों को वस्त उद्योग से जुड़े काम सिखाए जाएंगे और उन्हें इस कार्य में कुशल बनाया जाएगा.

Q8. भारत के किस आईआईटी सेंटर के अनुसंधानकर्ताओं ने कम लागत वाली ब्लड टेस्ट डिवाइस का विकास किया है?

क. आईआईटी कानपुर

ख. आईआईटी मुम्बई

ग. आईआईटी दिल्ली

घ. आईआईटी खड़गपुर

खड़गपुर आईआईटी के अनुसंधानकर्ताओं ने हाल ही में कम लागत वाली ब्लड टेस्ट डिवाइस का विकास किया है. जिसमे पेपर स्ट्रिप आधारित किट है और यह स्मार्टफोन से जुड़ी होती है. यह ब्लड टेस्ट डिवाइस विश्लेषण कर उसे पढ़ने का कार्य करता है.

SarkariExam.Com

Q9. अवॉर्ड समिति ने पैरालिंपिक में मेडल जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी दीपा मलिक को किस अवार्ड से सम्मानित करने की घोषणा की है?

क. खेल रत्न

ख. द्रोणाचार्य अवॉर्ड

ग. अर्जुन अवॉर्ड

घ. पदम्श्री

अवॉर्ड समिति ने पैरालिंपिक में मेडल जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी दीपा मलिक को खेल रत्न अवार्ड से सम्मानित करने की घोषणा की है. उन्होंने वर्ष 2016 में रियो में हुए पैरालिंपिक में शॉट पुट में सिल्वर मेडल जीता था. और पिछले वर्ष एशियन पैरा गेम्स ब्रोंज मेडल जीता था. उनके साथ बजरंग पूनिया को भी इस अवार्ड से सम्मानित किया जायेगा.

Q10. हर्षद पांडुरंग ठाकुर को हाल ही में कितने वर्ष के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण संस्थान का निर्देशक नियुक्त किया गया है?

क. 2 वर्ष

ख. 3 वर्ष

ग. 4 वर्ष

घ. 5 वर्ष

मुंबई के पहले टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ़ सोशल साइंसेज में प्रोफेसर रहे हर्षद पांडुरंग ठाकुर को हाल ही में 5 वर्ष के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण संस्थान

SarkariExam.Com

का निर्देशक नियुक्त किया गया है. राष्ट्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण संस्थान एक संगठन है जिसकी स्थापना 1977 में की गयी थी.

Q11. अवॉर्ड समिति ने भारतीय क्रिकेट टीम के किस ऑलराउंडर को अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित करने की घोषणा की है?

क. हार्दिक पंड्या

ख. सुरेश रैना

ग. रविन्द जडेजा

घ. विराट कोहली

अवॉर्ड समिति ने भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर रविन्द जडेजा को अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित करने की घोषणा की है और बैडमिंटन कोच विमल कुमार को द्रोणाचार्य अवॉर्ड से सम्मानित करने की घोषणा की है.

Q12. इसरो के चेयरमैन के. सिवन को तमिलनाडु सरकार ने उनके योगदान के लिए किस पुरस्कार से सम्मानित किया है?

क. डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम पुरस्कार

ख. स्टीवन हाकिन पुरस्कार

ग. विक्रम साराभाई पुरस्कार

घ. दादा साहिब फाल्के पुरस्कार

SarkariExam.Com

इसरो के चेयरमैन के. सिवन को तमिलनाडु सरकार ने उनके योगदान के लिए डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम पुरस्कार से सम्मानित किया है. यह पुरस्कार मानविकी, छात्र कल्याण और वैज्ञानिक विकास को बढ़ावा देने के लिए दिया जाता है.

Q13. इनमे से कौन सा एनीमेशन स्टूडियो एक वर्ष में 100 करोड़ डॉलर से ज्यादा कमाई वाली 5 फिल्में रिलीज करने वाला दुनिया का पहला स्टूडियो बन गया है?

क. ड्रीमवर्क

ख. पिक्सर

ग. डिज्नी

घ. फ्रेमस्टोर

वाल्ट डिज्नी का डिज्नी एनीमेशन स्टूडियो एक वर्ष में 100 करोड़ डॉलर से ज्यादा कमाई वाली 5 फिल्में रिलीज करने वाला दुनिया का पहला स्टूडियो बन गया है, हाल ही में रिलीज डिज्नी की टॉय स्टोर-4 ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ डॉलर का आंकड़ा पार कर लिया है और डिज्नी की टॉय स्टोर-4 सबसे ज्यादा कमाई करने वाली एनिमेशन फिल्मों की सूची में 8वें स्थान पर पहुंच गई है.

Q14. अंपायर को अपशब्द कहने और गलत व्यवहार करने पर किस टेनिस खिलाडी पर 80 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है?

क. राफेल नडाल

ख. नोवाक जोकोविक

ग. निक किर्गियोस

SarkariExam.Com

घ. एंडी मुर्री

अंपायर को अपशब्द कहने और व्यवहार करने पर हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के टेनिस खिलाड़ी निक किर्गियोस पर 80 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है. सिनसिनाटी ओपन के दूसरे राउंड में निक किर्गियोस बिना अंपायर की अनुमति के कोर्ट के बाहर चले गए थे.

Q15. दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के पूर्व कोच रसेल डोमिंगो को 2 वर्ष के लिए किस क्रिकेट टीम का हेड कोच नियुक्त किया गया है?

क. पाकिस्तान क्रिकेट टीम

ख. ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम

ग. भारतीय क्रिकेट टीम

घ. बांग्लादेश क्रिकेट टीम

दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के पूर्व कोच रसेल डोमिंगो को 2 वर्ष के लिए बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने बांग्लादेश क्रिकेट टीम का हेड कोच नियुक्त किया है. वे अब बांग्लादेश का कोच स्वीड रोड्स की जगह स्थान लेंगे.

Q16. पाकिस्तान बोर्ड ने किस क्रिकेटर खिलाडी को अपनी टीम की कोच और सलेक्टर दोनों की भूमिका दी है?

क. शोएब मलिक

ख. मिस्बाह-उल-हक

ग. कामरान अकमल

SarkariExam.Com

घ. इंजमाम उल हक

पाकिस्तान बोर्ड ने हाल ही में पकिस्तान क्रिकेट टीम के कोच को निकाल दिया है और सलेक्टर ने इस्तीफ़ा दे दिया है. अब मिस्बाह-उल-हक पकिस्तान क्रिकेट टीम के कोच और सलेक्टर दोनों की भूमिका निभायंगे. 7 सितंबर तक चलने वाले प्रैक्टिस कैंप के लिए कैम्प कमानडेंट' की जिम्मेदारी मिस्बाह-उल-हक को दी गयी है.

Q17. भारत की महिला फर्राटा धाविका दुती चंद ने पांचवीं इंडियन ग्रां प्री में कितने मीटर इवेंट में गोल्ड मेडल जीता है?

क. 100 मीटर

ख. 200 मीटर

ग. 300 मीटर

घ. 400 मीटर

भारत की महिला फर्राटा धाविका दुती चंद ने हाल ही में पांचवीं इंडियन ग्रां प्री में 100 मीटर इवेंट में गोल्ड मेडल जीता है. इसी इवेंट में तमिलनाडु की अर्चना सुसीनतरन ने सिल्वर मेडल और पंजाब की मानवीर कौर ने 12.28 सेकेंड के समय साथ ब्रोंज मेडल जीता है.

SarkariExam.Com

Q18. फीफा की आचार संहिता का उल्लंघन करने का दोषी पाए जाने पर किस देश की फुटबॉल टीम के पूर्व कोच सैमसन सियासिया पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया गया है?

क. अर्जेंटीना

ख. अफ्रीका

ग. नाइजीरिया

घ. रूस

नाइजीरिया फूटबाल टीम के पूर्व कोच सैमसन सियासिया को फीफा की आचार संहिता का उल्लंघन करने का दोषी पाए जाने पर स्वतंत्र नैतिकता समिति के सहायक चैंबर ने आजीवन प्रतिबंध लगा दिया गया है साथ ही सैमसन सियासिया ने मैचों में हेरफेर करने के लिए अन्य व्यक्तियों से रिश्वत ली थी.

Q19. जर्मनी में हुई जूनियर ट्रैक साइक्लिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारतीय पुरुष टीम ने इतिहास रचते हुए कौन सा मेडल जीता है?

क. गोल्ड मेडल

ख. सिल्वर मेडल

ग. ब्रोंज मेडल

घ. इनमे से कोई नहीं

जर्मनी में हुई जूनियर ट्रैक साइक्लिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप में इसो एलबेन, रोनाल्डो सिंह और रोजीत सिंह की भारतीय पुरुष टीम ने इतिहास रचते हुए गोल्ड मेडल

SarkariExam.Com

जीता है. विश्वस्तर पर साइक्लिंग में भारत का यह पहला मेडल है. इस समय भारतीय जूनियर टीम विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर है.

Q20. व्यावसायिक इस्तेमाल के लिए हाल ही में किस देश ने अपना रॉकेट सफलता पूर्वक लॉन्च किया है?

क. नार्थ कोरिया

ख. जापान

ग. अमेरिका

घ. चीन

चीन ने हाल ही में व्यावसायिक इस्तेमाल के लिए अपना रॉकेट सफलता पूर्वक लॉन्च किया है. इस प्रक्षेपण के बाद चीन की सरकारी स्पेस एजेंसी ने कहा है की इस प्रक्षेपण से देश में निजी कंपनियों द्वारा कमर्शियल उपग्रहों के प्रक्षेपण को बढ़ावा मिलेगा.

SarkariExam.Com